दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 04 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 336

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बंदरों का आतंक, 16 साल की लड़की को छत से गिराया, मौत

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शिवाला कलां गांव में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदरों के एक झुंड ने 16 साल की एक लडक़ी को घर की छत से गिरा दिया। लडक़ी सानिया को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। सानिया के पिता शमशाद अहमद के मुताबिक, लडक़ी छत पर अकेले कपड़े सुखाने के लिए गई थी, तभी बंदरों के एक झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। लडक़ी जान बचाने की कोशिश में भागने लगी और इस दौरान वह छत से गिर गई और बेहोश हो गई। शिवाला कलां पुलिस स्टेशन के एसएचओ दीपक कुमार ने कहा, एक लडक़ी की घर की छत से गिरने से मौत हो गई। उसके परिवार ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने से इनकार कर दिया। यह एक दुर्घटना थी।

### पिकअप वैन और कार के बीच भीषण टक्कर, तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत

**पीलीभीत (आरएनएस)।** पीलीभीत-सीतापुर राजमार्ग पर एक कार और पिकअप वैन के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार सुबह हुआ और मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्री एक ही परिवार के थे और छुट्टियां मनाने के लिए नैनीताल जा रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब कार के ड्राइवर अब्दुल्ला को नींद आ गई। मृतकों की पहचान अब्दुल्ला, बतूल, मरियम और सायमा के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को जीवित बचे लोगों और परिवारों को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

### कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, सरगंगाराम अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। सोनिया गांधी को इलाज के लिए दिल्ली के सरगंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल उनकी तबीयत के बारे में कोई अपडेट नहीं मिला सका है। सरगंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर सोनिया गांधी की सेहत की गहनता से निगरानी में लगे हैं। सूत्रों के अनुसार कोरोना की चपेट में आने के बाद से ही उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर राहुल गांधी भी अस्पताल पहुंच गए हैं। बता दें कि इससे पहले मार्च में भी सोनिया गांधी तबीयत खराब पर सरगंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थीं। हालांकि, एक दिन बाद जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया था कि उनकी हालत स्थिर है और वे पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

### सेना प्रमुख ने राजौरी के अग्रिम इलाकों का दौरा किया



**जम्मू (आरएनएस)।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि जनरल पांडे ने राजौरी सेक्टर में अग्रिम इलाकों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्री पांडे को कमांडरों ने परिचालन तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। पांडे परिचालन तत्परता और नियंत्रण रेखा पर प्रभावी प्रभुत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख ने सैनिकों के साथ अपनी प्रेरक बातचीत के दौरान उन्हें परिचालन चुनौतियों का सामना करने में उनकी निरंतर व्यावसायिकता और दृढ़ता के लिए प्रोत्साहित किया।

# इसरो के आदित्य एल-1 ने अंतरिक्ष में लगाई छलांग, नए ऑर्बिट में हुआ स्थापित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत का पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 आज दूसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया. इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने जानकारी साझा की। इसरो ने बताया कि आदित्य- एल1 ने आज पहली बार अपनी कक्षा बदल ली है। अब ये 235म19500 किलोमीटर की कक्षा से सफलतापूर्वक 245म22459 किलोमीटर की कक्षा में पहुंच गया है। जिसे आदित्य-एल1 की सूर्य की ओर पहली छलांग भी कहना उचित होगा। बता दें कि आदित्य-एल1 16 दिनों के दौरान पांच बार अपनी कक्षा बदलेगा। उसके बाद ये एल1 पॉइंट की ओर छलांग लगाएगा। शनिवार को आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग के बाद ये एक घंटा 3 मिनट और 19 सेकंड में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो गया था। इसके बाद रविवार को आदित्य-एल1 को थ्रस्टर फायर कर इसकी अगली कक्षा में भेजा गया। बता दें कि आदित्य-एल1 का पूरा कंट्रोल धरती से यानी इसरो से किया जा रहा है। अब आदित्य-एल1 अपनी कक्षाओं को चार बार और बदलेगा। कक्षा बदलने के लिए अगली फायरिंग 5 सितंबर को की जाएगी। उसके बाद 16 दिन पूरे होने पर ये सूर्य की ओर प्रस्थान कर जाएगा।

बता दें कि आदित्य-एल1 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी चार महीने में तय करेगा। इसके बाद ये लैंगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। यह ऐसा बिंदु है जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बैलेंस हो जाता है। इसलिए यहां किसी भी ऑब्जेक्ट को ठहरने के लिए ज्यादा ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ती। यही नहीं यहां से सूर्य ग्रहण का भी असर नहीं होता। ऐसे में आदित्य-एल1 लगातार सूर्य पर निगाह रख पाएगा। साथ ही ये सूर्य के अंदर तक झांक पाएगा। आदित्य-एल1 में फायरिंग के जरिए ही इसरो इसे एल-1 पर हेलो ऑर्बिट में स्थापित करेगा।

इसरो के मुताबिक आदित्य-एल1 125 दिनों यानी 6 जनवरी तक एल1 पॉइंट तक पहुंच जाएगा। इस उपग्रह के साथ सात पेलोड भेजे गए हैं। जो सोलर विंड, चुंबकीय क्षेत्र के साथ अन्य क्रियाओं का अध्ययन करेंगे। बता दें कि भारत का ये मिशन दुनियाभर के लिए फायदेमंद होगा। बता दें कि इस साल भारत की अंतरिक्ष के क्षेत्र में ये दूसरी बड़ी सफलता है। इससे पहले 23 अगस्त को इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्व लैंड कराया था। इसी के साथ भारत दुनिया का पहला देश बन गया था जो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड कर सका।

## ओडिशा : आसमानी बिजली कहर बनकर टूटी, 10 की मौत



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** देश के अलग-अलग राज्यों में बाढ़ और बारिश के कारण तबाही जैसे हालात बने हुए हैं। ओडिशा में भी खराब मौसम के कारण हालात बिगड़ गए। आकाशीय बिजली गिरने से यहां 10 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

राज्य के विशेष राहत आयुक्त(एसआरसी) ने बताया कि बिजली गिरने के कारण अंगुल जिले में एक, बोलांगीर में दो, बौध में एक, जगतसिंहपुर में एक, ढेंकनाल में एक और खोरधा में चार लोगों की मौत हुई है। एसआरसी ने बताया कि जो लोग घायल हुए हैं वो खोरधा जिले के रहने वाले हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अभी भी कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावनाएं हैं।

ओडिशा में इससे पहले भी बिजली गिरने के कारण कुछ लोगों की मौत हो गई थी। मई में, नयागढ़ जिले में सरनाकुला पुलिस सीमा के तहत, अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से एक महिला सहित तीन लोगों की जान चली गई थी। ओडिशा के कई जिले इस समय भारी बारिश और बिजली गिरने के संकट से घिरे हुए हैं। विशेष आयुक्त के कार्यालय के अनुसार ओडिशा के कई तटीय इलाकों में तेज बारिश के साथ-साथ बिजली देखने को मिल रही है। राहत-बचाव के कार्य के लिए कई टीमें लगी हुई हैं। लोगों को बचाने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार ओडिशा के भुवनेश्वर और कटक में 126 मिमी और 95 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## डीआरआई को बड़ी सफलता, विदेशी ब्रांड के सिगरेट से भरा कंटेनर जब्त, करोड़ों है कीमत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंद्रा बंदरगाह पर 6.5 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट की 32.5 लाख छड़ें जब्त की हैं।

खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अहमदाबाद के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर एक आयात खेप को रोका। डीआरआई अधिकारी ने कहा कि खेप को 'ऑटो एयर फ्रेशनर' के रूप में घोषित किया गया था और इसे जेबेल अली बंदरगाह से भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, खेप की जांच के दौरान उन्हें कंटेनर में पहली लाइन में पैकेज 'ऑटो एयर फ्रेशनर' के थे। हालांकि, पहली लाइन के पीछे सभी पैकेजों में विदेशी सिगरेट गोल्ड फ्लेक्स थीं।

इन विदेशी सिगरेटों पर 'मेड इन तुर्की' की मार्किंग थी। पंचनामा कार्रवाई के तहत कुल 32.5 लाख छड़ें जब्त की गईं। जब्त सिगरेटों की कीमत करीब 6.5 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भी देखा गया कि सिगरेट के कुछ पैकेटों पर 'मेड इन इंडिया' की मार्किंग थी। अधिकारी ने आगे कहा कि नकली सिगरेट या इसी तरह आयात करने के प्रयास की संभावना की पहचान करने के लिए अधिकारी क्षेत्र विशेषज्ञों के संपर्क में हैं।

## सर्जिकल स्ट्राइक के हीरो को दी गई मणिपुर के हालात सुधारने की जिम्मेदारी, 5 दिन में हो चुकी है 12 लोगों की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मणिपुर में पिछले तीन महीने से हिंसा पूरी तरह से थमी नहीं है। अब राज्य में तनाव से निपटने का काम सेना के एक रिटायर्ड अधिकारी को सौंप दिया गया है। उन्होंने 2015 में म्यांमार में हुई सर्जिकल स्ट्राइक में अहम भूमिका निभाई थी। 24 अगस्त को मणिपुर सरकार ने कर्नल (रिटायर्ड) नेक्टार संजेनबम को मणिपुर पुलिस विभाग में सीनियर सुपरिंटेंडेंट (कॉम्बैट) के तौर पर तैनात कर दिया है। उनका कार्यकाल पांच साल का होगा।

सेना के अधिकारी 21 पैरा स्पेशल फोर्सेज में सेवा दे चुके हैं। उन्हें कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र जैसे सैन्य सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। 28 अगस्त को मणिपुर के जॉइंट सेक्रेटरी (होम) ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 12 जून की कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया था। बता दें कि मणिपुर बीते तीन महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां आंकड़ों के मुताबिक अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा।

बीते पांच दिनों में ही मणिपुर में कम से कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 30 लोग घायल हो गए हैं। मणिपुर हाई कोर्ट के राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने के निर्देश देने के बाद यह हिंसा शुरू हुई थी। 3 मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद कुकी समुदाय और मैतेयी के बीच हिंसा शुरू हो गई।

इस नियुक्ति से कुकी संगठन खुश नहीं हैं। कुकी समुदाय के स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन केएसओ का कहना है कि मैतेयी अधिकारियों को राज्य में ऊंचे पदों पर बैठाया जा रहा है। बता दें कि मणिपुर में बीच में सेना और पुलिस के बीच भी टकराव देखने को मिला था। इसके बाद दोनों ही तरफ से बयान जारी किए गए थे। इस टकराव को रोकने के लिए भी इस तरह का फैसला उठाया गया है।

# रेलवे प्रबंधन ने 13 सितंबर तक फिर से रद्द किया 20 ट्रेनें



**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रबंधन फिर से 20 ट्रेनों को 3 सितंबर से 13 सितंबर तक दस दिनों के लिए निरस्त कर दिया गया हैं। इनमें रद्द होने वाली गाडियां

- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक इतवारी एवं बालाघाट से चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया एवं कटंगी से चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 08806 गोंदिया-वाडसा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक कटंगी से चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक वाडसा से चलने वाली 08808 वाडसा-चांदाफ़ोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक चांदाफ़ोर्ट से चलने वाली 08805 चांदाफ़ोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ 09 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक बिलासपुर एवं शहडोल से चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर -शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

## चोरी के शक में दो युवकों को उल्टा लटकाकर पीटा, नीचे लगा दी आग

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के मनचेरियल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरी के संदेह में एक दलित सहित दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा गया। यह घटना शुक्रवार को हैदराबाद से लगभग 300 किलोमीटर दूर मनचेरियल जिले के मंदामरि में हुई। पीड़ितों को न सिर्फ उल्टा बांधा गया बल्कि उनके नीचे आग भी जलाई गई और दोनों की पिटाई की गई। प्रताडऩा का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया।

भेड़ फार्म में काम कर रहे तेजा (19) और उसके दलित दोस्त किरण (30) को मालिक और उसके परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और शेड में उल्टा बांध दिया।

करीब 20 दिन पहले शेड से एक बकरी और कुछ लोहे की छड़ें चोरी हो गई थी। मालिक कोमुराजुला रामुलु और उनके परिवार के सदस्यों को तेजा और उसके दोस्त पर संदेह था। दोनों को पकडक़र छप्पर में ले आये और उल्टा बांध कर पिटाई की। वह इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने धुएं से दम घुटने के लिए नीचे आग जला दी।

पुलिस के मुताबिक तेजा, राजू के भेड़ फार्म पर काम कर रहा था। उनकी मां एक सफाई कर्मचारी के रूप में वहां काम करती हैं। पुलिस ने राजू और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## एएसआई ने कोर्ट में दायर किया आवेदन, ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण पूरा करने को आठ सप्ताह और मांगे

**वाराणसी (आरएनएस)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने वाराणसी की एक अदालत में एक आवेदन दायर कर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ सप्ताह का और समय मांगा है। इसकी समय सीमा दो सितंबर को समाप्त हो गई। एएसआई 4 अगस्त से ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद हिस्से को छोडक़र बैरिकेड वाले क्षेत्र में सर्वेक्षण कर रहा है। एएसआई की ओर से भारत सरकार के स्थायी सरकारी वकील अमित कुमार श्रीवास्तव ने अर्जी दाखिल की। श्रीवास्तव ने कहा, हमने अदालत से प्रार्थना की कि ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट जमा करने के लिए एएसआई को आठ सप्ताह का और समय दिया जाए, क्योंकि सर्वे अभी चल रहा है। श्रीवास्तव ने कहा, हमारा आवेदन अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (प्रथम) की अदालत के समक्ष रखा गया। उन्होंने मामले को सुनवाई के लिए जिला न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मामले में वादी संख्या 2 से 5 के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा, सर्वेक्षण अभी भी चल रहा है। इसलिए, एएसआई ने सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और समय मांगा है। ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी (एआईएमसी) के वकील मुमताज अहमद ने कहा, हम इसके खिलाफ आपत्ति दर्ज कराएंगे। गौरतलब है कि वाराणसी जिला न्यायाधीश की अदालत के एक आदेश के अनुपालन में, एएसआई ज्ञानवापी मस्जिद में वैज्ञानिक जांच/सर्वेक्षण कर रहा है। एएसआई के आवेदन में कहा गया है कि पुरातत्वविदों, पुरातात्विक रसायनज्ञों, पुरालेखविदों, सर्वेक्षणकर्ताओं और अन्य विशेषज्ञों की एक टीम वैज्ञानिक जांच और दस्तावेज़ीकरण में लगी हुई है।

## ड्यूटी पर तैनात सिपाही को रोडवेज बस ने 20 मीटर तक घसीटा, मौत



**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के पल्लवपुरम फेस वन के सामने मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार पल्लवपुरम थाने में तैनात सिपाही घायल हो गया। घायल सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक सिपाही के परिजनों को सूचना दी।

अलीगढ़ जिले के थाना गंगीरी के गांव नगला चौखे निवासी धर्मेंद्र (25) पुत्र राम ब्रजेश सिंह 2021 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। सितंबर 2022 में धर्मेंद्र का मेरठ में स्थानांतरण हुआ था।

पांच माह पहले धर्मेंद्र पल्लवपुरम थाने पर तैनात हुए थे। सिपाही शुक्रवार ड्यूटी करके थाने पर ही सो गया। सुबह तडक़े धर्मेंद्र ड्यूटी पर तैनात था, इसी दौरान किसी कार्य से अपनी बाइक पर सवार होकर फेस वन की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी।

फेस वन के सामने मुजफ़्फ़रनगर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में साइड मार दी, जिस कारण सिपाही बस के पहिए के नीचे आ गया। बस चालक 20 मीटर तक सिपाही को घसीटता रहा, जिस कारण सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने सिपाही को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही सिपाही के परिजनों को सूचना दी।

### स्पोर्टस कोटे से सिपाही बना था धर्मेंद्र

मृतक सिपाही धर्मेंद्र स्पोर्टस कोटे से सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। अभी सिपाही आगे की पढ़ाई कर एसआई की तैयारी कर रहा था। धर्मेंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी। बाइक चलाने के दौरान धर्मेंद्र ने हेलमेट पहन रखा था। साइड लगने के दौरान बस का पहिया सिपाही की छाती पर चढ़ गया था। मृतक सिपाही 10 दिन की छुट्टी पर गया था और दो दिन पहले ही ड्यूटी पर लौटा था।